(a) The Oman Oil Company (OOC) took up the feasibility study for the Oman-India gas pipeline project but is yet to complete the study. A joint Working Group has been formed by GAIL and OOC to expedite the feasibility study. The feasibility study for the Iran-India pipeline project can be progressed after the consent of the Government of Pakistan is received for the pipeline route survey.

(b) Does not arise.

(c) the Pipavav Power Project can avail of alternative fuels such as coal, fuel oil and naphtha subject to the prevailing Government policy and techno-economic feasibility.

नीति खण्ड,सेक्टर-3, इन्दिरापुरम योजना में उपलब्ध सुविधाएं

*86.**श्री महेश्वर सिंह**: क्या प्रधान मंत्री 12 सितम्बर,1996 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 3943 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने इन्दिरा पुरम योजना के अन्तर्गत सभी सुविधाओं से युक्त पूर्णतया विकसित फ्लैटों का कब्जा आवंटियों को दे दिया है:

(ख) क्या नीति खण्ड,सेक्टर-3 में टाइम"ए" और "बी" के एच.आई.जी.डुपलेक्स फ्लैटों का कब्जा भी आवंटियों को दे दिया गया है; और

(ग) यदि हां,तो कब और ऐसी सुविधाओं का ब्यौरा क्या है और यदि नहीं,तो सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाने के पश्चात कब तक इनका कब्जा दिये जाने की संभावना है और इस संबंध में विलम्ब के क्या कारण है?

शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा.यू.वेंकटेश्वरलु): (क) गाजियाबाद विकास प्राधिकरण ने बताया है कि इन्दिरापुरम योजना के तहत निम्नलिखित पाकेटों के रिहायशी मकानों,जिनमें सुविधाएं मुहैया करा दी गयी है,के आवंटियों को नियमानुसार कब्जा दिया जा रहा है:-

पाकेट स.	श्रेणी	मकानों की संख्या
शक्ति खण्ड-1-	एल आई जी	टाइप। -540
ग्यान खण्ड-4-	एचआई जी	टाइप॥ -744
	(एक मंजिला)	-30
	एम आई जी	
	(चार मंजिले)	-396

(ख)और(ग) नीति खण्ड-3 "ए" और "बी" टाइप के कुल 400 एच.आई.जी.डुप्लेक्स मकानों मे से 300 मकानों का निर्माण कार्य पूरा हो गया है । बकाया देय राशि का पूरा भुगतान करने जैसी शर्तो को पूरा करने के पश्चात आवंटियों द्वारा प्राधिकरण से अनुरोध करने पर जलापूर्ति,मलजल निकासी और विद्युत जैसी आवश्यक सेवा सुविधाओं सहित नियमानुसार इन मकानों का कब्जा दिया जा सकता है

टाइप "बी" के शेष 70 मकानों का निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा काम छोड़ देने तथा मामले पर पंच निर्णय होने तक रूका पड़ा है ।

अखिल भारतीय सेवाओं के लिए लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार हेतु अधिकतम अंकों के मध्य अनुपात

*88. **श्री गोविन्दराम मिरी**:
श्री शिव चरण सिंह:

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारतीय प्रशासनिक सेवा और सहबद्व सेवाओं इत्यादि सहित विभिन्न अखिल भारतीय सेवाओं में सीधी भर्ती हेतु चयन प्रक्रिया का ब्यौरा क्या है;